भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3036
उत्तर देने की तारीख 18.12.2025

संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय

†3036. श्री मोहम्मद हनीफ़ा:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में स्वीकृत तीनों एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) आज तक चालू नहीं हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) सरकार द्वारा उक्त चालू नहीं किए गए ईएमआरएस को छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शीघ्र से शीघ्र चालू करने के लिए उठाए जा रहे कदम क्या हैं और इन्हें चालू करने की प्रस्तावित समय सीमा क्या है; और

(ग) क्या सरकार इस क्षेत्र की विशाल जनजातीय आबादी को ध्यान में रखते हुए संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के लिए और अधिक ईएमआरएस स्वीकृत करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (ग) संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख में सभी तीन संस्वीकृत ईएमआरएस वर्तमान में मुख्य रूप से राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र द्वारा उपयुक्त भूमि की पहचान में देरी और उच्च लागत के मुद्दों के कारण गैर-कार्यात्मक हैं। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने राज्य सरकारों को अनुमोदित ईएमआरएस को शीघ्रातिशीघ्र कार्यात्मक (चालू) करने की सलाह दी है। इसके अलावा, देश भर में ईएमआरएस की अतिरिक्त आवश्यकता की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

*****